# घर में घुसा वाहन, तीन मजदूरों की मौत

## केरल जा रहे मजदूरों से भरा था ओवरलोड तूफान, कई घायल




**सिवनी नवभारत। जिले के जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कुरई थाना क्षेत्र के पचधार हाईवे के पास सुबह करीब 4 बजे मजदूरों से भरी एक ओवरलोड तूफान (गामा) गाड़ी अनियंत्रित होकर फोरलेन पार करते हुए सड़क किनारे बने एक मकान में जा घुसी। हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।**

जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन मंडला और डिंडोरी जिलों से 29 मजदूरों को लेकर रोजगार के लिए केरल जा रहा था। वाहन में 12 पुरुष, 12 महिलाएं और 5 बच्चे सवार थे। क्षमता से अधिक सवारियां होने के कारण वाहन पूरी तरह ओवरलोड था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की एफआरवी-06 खवासा टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से पहले कुरई अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल 12 लोगों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी रेफर किया गया।



### झपकी बनी वजह

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नागपुर की ओर जा रहे वाहन के चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। इसके चलते वाहन अनियंत्रित होकर अपनी लेन से निकलकर दूसरी लेन में पहुंच गया और फोरलेन पार करते हुए हाईवे किनारे स्थित एक मकान की दीवार तोड़कर अंदर जा घुसा। गनीमत रही कि मकान में मौजूद लोगों को कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ।

### एक की मौके पर, दो की अस्पताल में मौत

एसडीओपी बरघाट ललित गठरे ने जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में एक मजदूर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल मजदूरों ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस प्रकार इस भीषण सड़क दुर्घटना में कुल तीन मजदूरों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि अन्य सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर एवं खतरे से बाहर है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



## महिला कांग्रेस की बैठक

**सिवनी नवभारत।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में बड़ी संख्या में उपस्थित महिला कांग्रेस के सदस्यों ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए महिला कांग्रेस की सिवनी जिले की संगठन प्रभारी की विशेष उपस्थिति जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला महिला कांग्रेस संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने बैठक को सम्बोधित किया, उन्होंने कहा कि सिवनी जिले में कांग्रेस पार्टी की मात्रृशक्ति संगठन को मजबूत बनाने हेतु हम सब को संगठित प्रयास करने होंगे। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सोच है कि देश में मात्रृ संगठन मजबूत हो इसके लिए हमें सतत प्रयास करना होगा। छिन्दवा ?ा से सिवनी पंहुची महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी श्रीमती किरण चौधरी जी ने बैठक में उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आप लोगो को जिले में मजबूत संगठन बनाने के लिए प्रणप्राण से जुट जाना है।





# फिल्टर प्लांट स्थित टांके की हुई सफाई

नगर परिषद ने कराई पीएचई परिसर के टांके की सफाई

नव भारत खबर का असर

**छपारा नवभारत।** विगत दिनों समाचार पत्र में प्रकाशन शीर्षक एक महीने से अधिक समय से टांके की साफ-सफाई नहीं हुई नगर वासी दूषित पानी पीने को मजबूर प्रकाशित किए जाने के बाद 25 जून को नगर परिषद छपारा द्वारा समाचार को संज्ञान लेकर गुरुवार दोपहर लगभग 4 बजे लगभग एक महीने से अधिक बीत जाने के बाद लंबित टांके का साफ-सफाई कार्य किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार अब साफ सफाई टांके की होने के बाद पूर्व में आ रहे नगर में पेयजल आपूर्ति में दूषित पेयजल की जगह साफ स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा वहीं नगर वासियों द्वारा नगर परिषद छपारा से उक्त व्यवस्था को लेकर आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर लगातार निगरानी बरती जाए एवं समय समय पर निरिक्षण की जाए ताकि नगरवासियों को पानी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सके मांग की गई है।

ज्ञात हो कि लगभग पिछले एक महीने से नगर परिषद छपारा द्वारा पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन में नगरवासियों को घरों के नलों में दूषित पानी सप्लाई मिलने की शिकायत की जा रही थी वहीं नगर परिषद छपारा द्वारा उक्त विषय पर लापरवाही अतिआवश्यक सुविधा को बरतने के आरोप लगाए जा रहे थे जहां नगर परिषद छपारा के वार्ड नंबर 10 विवेकानन्द वार्ड पार्षद रामेश्वर बंजारा द्वारा वार्ड वासियों के द्वारा शिकायतें नलों से दूषित पेयजल आपूर्ति मिलने की गई तब उन्होंने गंभीरता लेते हुए नगर के पीएचई कार्यालय परिसर स्थित फिल्टर प्लांट का मुआयना किया और पाया कि उक्त स्थान पर पेयजल आपूर्ति हेतु टांके को लंबे समय से साफ नहीं किए जाने से टांके की दीवारों पर बड़ी मात्रा में काई जमीं हुई और बदबू आ रही थी।

### एक नजर में

## सिहोरा में अकीदत और जोश के साथ मनाया मोहर्रम



**सिहोरा।** मुहर्रम-उल-हराम का त्योहार पूरे अदब, एहतराम और ऐतिहासिक जोश के साथ मनाया गया। बीते कई वर्षों की गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी सिहोरा का पूरा माहौल कर्बला के शहीदों और इमाम हुसैन की याद में सराबोर नजर आया। मोहर्रम की 5वीं, 7वीं, 9वीं और 10वीं तारीख को पूरे सिहोरा में भव्य जुलूस निकाला गया। मातमी धुनों और या हुसैन की सदाओं के बीच जुलूस ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ कौमी एकता का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला, जहाँ सभी धर्मों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस वर्ष भी सिहोरा में बनाई गईं ताजिया हर किसी के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। ताजिया की नक्काशी, रौशनी और उनकी भव्यता इतनी शानदार थी कि उन्हें देखने के लिए न केवल स्थानीय लोग, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी भारी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे। लोगों ने ताजिया के दर्शन कर मन्नतें मांगीं और दुआएं कीं।

## सत्य सांई सेवा समिति ने जरूरतमंदों को बांटे फुड पैकेट



**सिवनी।** जिला चिकित्सालय सिवनी में नित्य नारायण सेवा के एक वर्ष पूर्ण कान्हीवाडा श्री सत्य साई सेवा समिति जिला सिवनी कान्हीवाडा द्वारा 29 जून 2025 से लगातार चल रही नित्य नारायण सेवा जो जिला चिकित्सालय सिवनी में अनवरत जारी है जिसके एक वर्ष पूर्ण हो गए हैं इस एक साल के दौरान जरूरतमंदों को 43303 फुड पैकेट बांटे गए जिसमें 23288 परिवारों ने तैयारकर सेवा रुपी पुष्प के समर्पित किया। जिसे 2609 पुरुष सेवा दल एवं 279 महिला सेवा दल के अपने कर कमलों से बड़े प्रेम से लोगों को वितरित किया। भगवान् की कृपा से यह योजना आगे भी चलती रहेगी। वार्षिक कार्य क्रम में प्रान्तीय पदाधिकारियों एवं उपस्थित जन समूह ने इस योजना की भूरि भूरि प्रसंशा की।

## जिले में 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**सिवनी।** वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित, निरस्त एवं नवीन प्राप्त व्यक्तिगत तथा सामुदायिक वन अधिकार दावों के पुनः परीक्षण एवं निराकरण के लिए जिले में 1 जुलाई से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# 2 नाबालिग बालक दस्तयाब, बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उगली नवभारत।** थाना उगली अंतर्गत ग्राम भरवेली निवासी 02 नाबालिग बालक के अपहरण के मामले में उगली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बालकों को सकुशल दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

14.06.2026 को दोपहर लगभग 02:00 से 02:30 बजे के बीच दोनों बालक अपनी-अपनी मां से गांव के सुशांत उर्फ अज्जू सोनवाने के साथ बालाघाट जाने की बात कहकर घर से निकले थे। वापस न लौटने पर परिजनों ने अज्जू के घर जाकर पता किया, जो घर पर नहीं मिला। परिजनों ने रिश्तेदारी में चमरवाही, बालाघाट एवं नागपुर में तलाश की। कोई पता न चलने पर दिनांक 21.06.2026 को थाना उगली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 107/2026 एवं 108/2026 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान संदेही आरोपी को तकनीकी सहायता के आधार




पर प्र.आर. 205 मनोज सूर्यवंशी एवं आर. 403 रोहित रघुवंशी को नागपुर रवाना किया गया। तलाश के दौरान सूचना मिली कि संदेही व अपहृत बालक खवासा टोल नाका के पास हैं। टीम ने तत्काल दबिश देकर खवासा टोल नाका से दोनों अपहृत बालकों को दस्तयाब किया एवं आरोपी को अभिरक्षा में लिया।

गिरफ्तार आरोपी में अज्जू उर्फ सुशांत पिता अशोक सोनवाने, उम्र 19 वर्ष, निवासी भरवेली, थाना उगली, जिला सिवनी शामिल है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक दयाराम शरणागत, सहायक उपनिरीक्षक सुमेरचंद उईके, प्रधान आरक्षक मनोज सूर्यवंशी एवं आरक्षक रोहित रघुवंशी की त्वरित एवं सराहनीय भूमिका रही।



## यादव प्रतिनिधि मंडल ने की एमडी से मुलाकात, फोरलेन परियोजना पर जताया आभार

**सिवनी नवभारत।** जिला यादव महासभा, सिवनी के प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश शासन के एम.डी.,एमपीआरडीसी एवं समाज के गौरव भरत यादव से उनके भोपाल स्थित कार्यालय में सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने 24 मई को सिवनी में आयोजित जिला सम्मेलन एवं आदर्श युवक-युवती परिचय सम्मेलन की विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यक्रम की सफलता से अवगत कराया तथा उन्हें सम्मानित कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

भेंट के दौरान जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष किशोर यादव,पूर्व पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुभाष यादव,कोषाध्यक्ष रामकिशोर यादव एवं सुरेंद्र जैन उपस्थित रहे।

चर्चा के दौरान भरत यादव ने बताया कि सिवनीङ्कबालाघाट फोरलेन सड़क परियोजना का टेंडर बहुत जल्द जारी होने वाला है तथा वर्षा ऋतु के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना लंबे समय से जिलेवासियों की मांग रही है और इसके प्रारंभ होने से सिवनी एवं बालाघाट जिले के विकास, आवागमन तथा व्यापार को नई गति मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण परियोजना के शीघ्र प्रारंभ होने की जानकारी पर जिला यादव महासभा, सिवनी की ओर से भरत यादव का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके सफल नेतृत्व एवं उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# जिला कांग्रेस ने गूंज अभियान के तहत छात्र-छात्राओं से किया संवाद

**सिवनी नवभारत।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तथा राहुल गांधी जी के मंशानुरूप प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर छात्रों की गूज अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में छात्र संवाद अभियान के तहत छात्रों से संवाद किया गया। इस संवाद का मुख्य उद्धेश्य यह था कि जमीन घोटाला, युवाओं को पेपर लीक, परीक्षा बार बार रद्ध होना, भर्ती प्रक्रिया में देरी, बेरोजगारी तथा शिक्षा व्यवस्था में कमियों को जनता तक पंहुचाने के लिए जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा पत्रकार वार्ता ली गई। पत्रकारवार्ता



को सम्बोधित करते हुए नरेश मरावी ने कहा कि एक तरफ केन्द्र में भाजपा अयोध्या में श्री राम मंदिर के लिए दानताओं द्वारा दिये गए चांदी के राम शिलाएँ, हीरे एवं सोने के हार, कागभूशिंडी की रत्नजड़ित मूर्ति और करोड़ो रूपय नगद राशि की बंदरबॉट की गई है वही दूसरी ओर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अपने दायित्वों को भूलकर मुख्यमंत्री पद का पूरा लाभ लेते हुए उज्जैन महाकाल होने वाले सिंहस्थ में जो कार्ययोजना तैयार की गई वह उनके हिसाब से तैयार की गई, जिसमें उन्होंने अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम से सैकड़ो एकड़ जमीन, सैकड़ो प्लॉट मिट्टी मोल खरीदकर पद का दुरूपयोग कर लाभ प्राप्त किया गया है। छात्रगूंज की सभा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल ने कहा कि भाजपा सरकारों में शिक्षा तंत्र जो कि आधुनिक समय में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपर लीक और पेपर रद्ध का पर्याय बन चुका है।

## रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सिवनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कन्हीवाड़ा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं (कॉमर्स एवं कला संकाय) की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु पात्र विद्यार्थियों से 29 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार केवल वे विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की हो। विद्यालय में कुल पांच सीटें रिक्त हैं, जिनमें ओबीसी ग्रामीण बालिका की एक, एसटी ग्रामीण बालिका की दो, एससी ग्रामीण बालक की एक तथा एससी शहरी बालक की एक सीट शामिल है।

## कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, 21 लोगों के काटे चालान



**सिवनी नवभारत।** शहर में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। एसडीओपी सचिन परते के निर्देशन एवं थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बारापत्थर स्थित नटराज पैलेस के बाजू में संचालित शराब दुकान के बाहर सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके पर जांच कर 21 व्यक्तियों के चालान बनाए और उन्हें भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन नहीं करने की हिदायत दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना कानून का उल्लंघन है तथा इससे शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे मामलों में आगे भी लगातार विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. श्रीकांत नामदेव को मिली पीएचडी उपाधि



**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के 36वें दीक्षांत समारोह में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति, मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता तथा माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशिष्ट उपस्थिति में आयोजित समारोह में कुलगुरु प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा, मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के करकमलों से डॉ. श्रीकांत नामदेव को वाणिज्य संकाय के अंतर्गत पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई।

सिवनी एवं बालाघाट जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर पूर्ण किया। यह शोधकार्य डॉ. सीमा पटारिया, प्राध्यापक, शासकीय महाविद्यालय पनागर, जबलपुर के निर्देशन में संपन्न हुआ।

डॉ. श्रीकांत नामदेव वर्तमान में संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद, जिला धमतरी (छत्तीसगढ़) में अ.व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी तथा क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं।

शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. नामदेव के अब तक 10 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।


**किराए से देना**

अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।

संपर्क करे

6264000057


**जागरूकता** — पुलिस द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को किया जा रहा सतर्क

# सेफ क्लिक 2 .0 का आगाज, साइबर सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

**छपारा नवभारत।** मध्यप्रदेश में साइबर सुरक्षा को लेकर आमजनों में जागरूकता लाने के उद्देश्य सम्पूर्ण प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा सेफ क्लिक 2.0 अभियान चलाया जा रहा है जो विगत 24 जून से आगामी 8 जुलाई तक प्रत्येक स्थान, धर्म, समाज, विभाग एवं व्यक्ति तक पहुंचने का जिम्मा सौंपा गया है सिवनी पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं एसडीओपी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में नगर के बस स्टैंड परिसर पर 26 जून को नगर निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार




जैतवार द्वारा पुलिस टीम के साथ पहुंचकर आमजनों को साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया उक्त अवसर पर आसान शब्दों में नगर निरीक्षक जैतवार ने बताया कि आपके मोबाइल में कोई भी शातिर बदमाश चालाकी करे तो उसके झांसों में न आएं और समझदार व्यक्ति का परिचय देते हुए मोबाइल पर आई अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करें और अपने साथ - साथ औरों को भी सतर्क एवं जागरूक करने को कहा गया। उक्त अवसर पर छपारा नगर निरीक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार द्वारा कहा गया कि वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा अनेकों नए-नए तरीके से आमजनों को अपने झांसे में लाने की कोशिश की जा सकती है जिसमें आकर लापरवाही से उनके जीवन भर की जमा-पूंजी उड़ा ली जाती है अगर आमजन सतर्कता और सावधानी बरतें तो इनसे बचा जा सकता है।


**OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI CHHAPARA Distt: SEONI**

N.I.T. No. N-/26-27/E-tender/ 396 — CHHAPARA Dated: 25.06.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for. 1.CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL 2.PAVER BLOCK PARKINGAT MANDI YARD CHHAPARA, DISTT SEONI PAC AMOUNT -16.91 LACS Tender Number: 2026_MPSAM_517617_1 (The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 17.07.2026. Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the http://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in

Note: - Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction / Development works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary
KRISHI UPAJ MANDI SAMITI CHHAPARA
Distt: Seoni